GSTIN-09AAACU5088M4ZM

विद्युत प्रशिक्षण संस्थान
(उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड)
सरोजनी नगर, लखनऊ।
ई–मेल : etiuppcl@gmail.com

Electricity Training Institute
(Uttar Pradesh Power Corporation Ltd.)
Sarojini Nagar, Lucknow
E-mail : etiuppcl@gmail.com

पत्रांक : /वि0प्र0सं0/व्यवसायिक परीक्षा/दिसम्बर–2025 दिनांक :

प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ/
प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लि0/
मध्यांचल–लखनऊ/पूर्वांचल–वाराणसी/
दक्षिणांचल–आगरा/पश्चिमांचल–मेरठ/
प्रबन्ध निदेशक, केस्को–कानपुर/
प्रबन्ध निदेशक, एस०एल०डी०सी०लि०–लखनऊ।

निदेशक (का0प्रब0 एवं प्रशा0), उ0प्र0पा0का0लि0/
उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ/
एस०एल०डी०सी०लि०–लखनऊ/
समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण/पारेषण)।

विषय : <u>अभियन्ता अधिकारियों (वैद्युत एवं यांत्रिकी/जानपद संवर्ग) की व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 व 2</u>

महोदय,

अवगत कराना है कि विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ द्वारा अभियन्ता अधिकारियों (वै0 एवं यां0/जानपद संवर्ग) की व्यवसायिक परीक्षा वर्ष में 02 (दो) बार आयोजित की जाती है। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष–2025 में द्वितीय छमाही की परीक्षा दिनांक **18.12.2025** को आयोजित कराया जाना निर्धारित किया गया है। द्वितीय छमाही में आयोजित हो रही उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभियन्ता अधिकारीगण, उ0प्र0पा0का0लि0 की अधिकारिक वेबसाईट **sso.uppcl.org** पर पत्र के साथ संलग्न प्रमाण–पत्र को अपने नियन्त्रक अधिकारी से प्रमाणित कराकर ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड करते हुए **Submit** करना सुनिश्चित करेंगे। आन लाईन माध्यम से **Submit** किए गए आवेदन ही स्वीकार किए जाऐंगे। आन लाईन आवेदन दिनांक **08.12.2025 को सायं 5:00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेंगे।**

उपरोक्त वेबसाईट पर आन लाईन माध्यम के अतिरिक्त विद्युत प्रशिक्षण संस्थान को डाक द्वारा अथवा ई–मेल द्वारा प्रेषित किए गए आवेदन–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(1) व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 व भाग–2 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण निम्नवत् किया गया है :–

| | |
|---|---|
| (क) <u>विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ</u> : | समस्त अधिकारी जो मध्यॉचल/शक्ति भवन, लखनऊ/लखनऊ जनपद की अन्य इकाईयां/केस्को, कानपुर/पारेषण (मध्य) एवं एस0एल0डी0 सी0, लखनऊ के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं। |
| (ख) <u>मुख्यालय पू0वि0वि0नि0लि0, वाराणसी</u> : | समस्त अधिकारी जो पूर्वांन्चल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/मुख्य अभियन्ता, पारेषण (दक्षिण–पूर्व, प्रयागराज/उत्तर–पूर्व, गोरखपुर) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं। |
| (ख) <u>मुख्यालय प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ</u> : | समस्त अधिकारी जो पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ/मुख्य अभियन्ता, पारेषण (पश्चिम, मेरठ) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं। |
| (ख) <u>मुख्यालय द0वि0वि0नि0लि0, आगरा</u> : | समस्त अधिकारी जो दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा/मुख्य अभियन्ता, पारेषण (दक्षिण–पश्चिम, आगरा/दक्षिण–मध्य, झांसी) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं। |

(2) व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 हेतु योग्यता प्रमाण–पत्र एवं लेखा कार्य हेतु निपुणता प्रमाण–पत्र तथा व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 हेतु केवल योग्यता प्रमाण–पत्र जिनका प्रारूप इस पत्र के साथ संलग्न है, को पूर्ण कर उ0प्र0पा0का0लि0 की अधिकारिक वेबसाईट **sso.uppcl.org** पर अपलोड किया जाना तथा आन लाईन माध्यम से पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन की डाउनलोड प्रति एवं अपलोड किये गये संलग्नकों (प्रमाण–पत्रों) की मूल प्रति परीक्षा के समय साथ में लाना अनिवार्य है।

(3) सहायक अभियन्ता (प्रशिक्षु) जो प्रशिक्षण काल में चल रहें हैं वह व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 में सम्मिलित नहीं किए जायेंगे।

(4) व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 में वही अभियन्ता भाग ले सकते हैं जिन्होंने व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 उत्तीर्ण कर ली हो तथा सहायक अभियन्ता पद की कार्यभार ग्रहण तिथि से सहायक अभियन्ता अथवा सहायक अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता (दोनों पदों की सेवा मिलाकर) पद पर 8 वर्ष की सेवा <u>दिनांक 08.12.2025 तक</u> पूर्ण कर ली हो।

––2/

(5) व्यवसायिक परीक्षा भाग-1 में तकनीकी एवं लेखा से सम्बन्धित पृथक-पृथक प्रश्न-पत्र होंगे जिनका समय क्रमशः प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक एवं लेखा परीक्षा अपरान्ह 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक तथा व्यवसायिक परीक्षा भाग-2 में केवल एक प्रश्न-पत्र होगा जिसमें तकनीकी एवं लेखा दोनों विषयों के प्रश्न सम्मिलित होंगे, जिसका समय प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक होगा।

(6) प्रत्येक लिखित प्रश्न-पत्र हेतु अधिकतम 100 अंक तथा मौखिक परीक्षा हेतु अधिकतम 30 अंक निर्धारित किये गये हैं।

(7) परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु प्रत्येक लिखित परीक्षा में न्यूनतम 40 (40 प्रतिशत) अंक एवं मौखिक परीक्षा में न्यूनतम 15 (50 प्रतिशत) अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मौखिक परीक्षा में भी प्रतिभाग लेना अनिवार्य है। मौखिक परीक्षा में प्रतिभाग न करने वाले को अनुत्तीर्ण माना जायेगा।

अतः अनुरोध है कि आपके अधीनस्थ अभियन्ता अधिकारियों में व्यापक प्रचार-प्रसार इस प्रकार करें कि परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभियन्ताओं के आन लाईन आवेदन उ0प्र0पा0का0लि0 की अधिकारिक वेबसाईट **sso.uppcl.org** पर **दिनांक 08.12..2025 को सायं 5:00 बजे** तक अवश्य प्राप्त हो जायें। यह भी अवगत कराना है कि **विद्युत प्रशिक्षण संस्थान को By Hand/By Post** व अन्य किसी माध्यम द्वारा प्रेषित आवेदन-पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नही किया जायेगा। आन लाईन आवेदन करने हेतु किसी भी जानकारी के लिए **तकनीकी सहायता हेतु मोबाइल नं0 : 8318758221 एवं 9648227577 पर प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे के मध्य सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।** आन लाईन आवेदन वेब-साइट **sso.uppcl.org** पर दिनांक **19.11.2025** को प्रातः 10:00 बजे से किये जा सकते हैं।

भवदीय

(धीरज कुमार जायसवाल)
निदेशक एवं सदस्य,
व्यवसायिक परीक्षा समिति

पत्रांक : 33 /वि0प्र0सं0(ल0)/व्यवसायिक परीक्षा/तद्‌दिनांक : 18/11/2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास, सरोजनी नगर, लखनऊ।
(2) श्री उत्तम कुमार सक्सेना, मुख्य अभियन्ता (हाइडिल), उप्रपाकालि, लखनऊ एवं अध्यक्ष, व्यवसायिक परीक्षा समिति, लखनऊ।
(3) श्री दिनेश प्रताप गुप्ता, संयुक्त सचिव (अनुशासनिक कार्यवाही), उप्रपाकालि, लखनऊ एवं सदस्य व्यवसायिक परीक्षा समिति, लखनऊ।
(4) श्री गगन बिहारी श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता (जा0), मविविनिलि, लखनऊ एवं सदस्य, व्यवसायिक परीक्षा समिति, लखनऊ।
(5) मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण-प्रथम/द्वितीय), शक्ति भवन, लखनऊ।
(6) समस्त अधीक्षण अभियन्ता (जानपद पारेषण), शक्ति भवन, लखनऊ।
(7) विद्युत पारेषण मंडलों में कार्यरत अधीक्षण अभियन्ता।
(8) विद्युत वितरण मंडलों/कार्य मंडलों/भण्डार मंडलों में कार्यरत अधीक्षण अभियन्ता।
(9) अधिशासी अभियन्ता एवं आहरण-वितरण अधिकारी, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।
(10) सहायक अभियन्ता, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।
(11) अधीक्षण अभियन्ता (आई०टी०-II), उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
(12) श्री रवि मधेशिया, अधिशासी अभियन्ता (आई०टी०), उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि दिनांक 19.11.2025 को प्रातः 10:00 बजे से व्यवसायिक परीक्षा के आवेदन हेतु पोर्टल प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।
(13) अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष संख्या 407, शक्ति भवन, लखनऊ को उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0 की वेब-साइट **www.uppcl.org** पर **Employee Corner** के अन्तर्गत व्यवसायिक *"परीक्षा भाग-1 व भाग-2 के लिये आवेदन करें"* पर लिंक **http://sso.uppcl.org** के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(धीरज कुमार जायसवाल)
निदेशक एवं सदस्य,
व्यवसायिक परीक्षा समिति

--3/

**Professional Exam (December-2025) Online आवेदन करने की प्रक्रिया**

- सर्वप्रथम Google Browser पर **sso.uppcl.org** डालकर Enter Key Press करना है।

अथवा

- उ०प्र०पा०का०लि० की अधिकारिक वेब साईट **www.uppcl.org** के **Employee Corner** पर उपलब्ध लिंक *"व्यवसायिक परीक्षा के भाग–1 व भाग–2 के लिये आवेदन"* करना होगा।
- उसके बाद Login to Your Account में SAP ID से Login करना है।
- फिर Registered Mobile No. पर OTP आयेगा।
- उसके बाद Professional Exam Option पर Click करना है। उसमें निम्न 02 Option खुलकर सामने आयेंगे :–
    1. Exam Form
    2. View Full Form
- जिसमें से पहले वाले Exam Form Option पर Click करना होगा।
- उसके बाद Professional Exam Part-01 & Part-02 Option खुलकर सामने आयेंगे जिसमें से जो Option चाहिए हो, उस पर Click करना होगा। जिसके बाद अभ्यर्थी को समस्त प्रविष्टियाँ Fill करने के उपरान्त Submit Button पर Click करना होगा।

(यह फार्म केवल विंडो 10 या विंडो 11 से ही भरा जा सकता है।)

Photo, Signature, Certificate का वांछित प्रारूप निम्नलिखित फार्मेट में होना चाहिए :–

- **Photo :** Image (IPG/PNG/WebP), max 2 MB, -3:4 ratio (portrait) e.g. 600×800 px, face forward, neutral expression and white background.
- **Signature :** Image (JPG/PNG/WebP), Max 500 KB, white background with black ink, aspect ratio-4:1 (Landscape) e.g. 600×150 px
- **Certificate :** JPG or PDF, Max 2 MB, A4-Like (Portrait Orientation)

*"सभी अधिशासी अभियन्ताओं/सहायक अभियन्ताओं को सूचित किया जाता है कि किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या से बचने हेतु कृपया आवेदन पत्र (Form) को अंतिम तिथि से 1 से 2 दिन पूर्व ही भर लें। अंतिम तिथि के दिन वेबसाइट के अत्यधिक लोड होने के कारण उसके धीमे चलने अथवा उपलब्ध न रहने की संभावना रहती है।"*

# योग्यता प्रमाण–पत्र
(व्यावसायिक परीक्षा भाग–1 व 2 के लिये)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री.................................................................................अभिज्ञान संख्या.....................................
अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता तकनीकी कार्य में निपुण हैं तथा अपने अधीनस्थों पर समुचित नियन्त्रण रखने में सक्षम हैं।

दिनांक :..............................

अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता
(कार्यालय मुहर)

नाम :.........................................................................................
कार्यालय का नाम :.................................................................
.........................................................................
.........................................................................
मोबाईल नं० :.........................................................................

..........................................................................................................................................................................................

# लेखा कार्य की निपुणता के सन्दर्भ में प्रमाण–पत्र
(केवल व्यावसायिक परीक्षा भाग–1 के लिये)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री.................................................................................अभिज्ञान संख्या.....................................
सहायक अभियन्ता ने उपखण्ड स्तर पर एक माह तथा खण्ड स्तर पर 15 दिनों का लेखा कार्य सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राप्त किया है एवं हाइडिल मैनुअल आर्डर के अनुसार आवश्यक लेखा कार्यों का ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

दिनांक :..............................

अधिशासी अभियन्ता
(कार्यालय मुहर)

नाम :.........................................................................................
कार्यालय का नाम :.................................................................
.........................................................................
.........................................................................
मोबाईल नं० :.........................................................................